आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 06.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश में 7 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों ने प्रचार तेज कर दिया है। प्रत्याशी घर–घर जाकर भी अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे है। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सभाएं कर रहे है। इसी कडी में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का आज खींवसर सीट से भाजपा प्रत्याशी रेवंत राम डांगा के समर्थन में पाचौडी, खींवसर और संखवास में जनसंपर्क और एससी, एसटी सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम है। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का आज रामगढ से कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन जुबेर के पक्ष में मत जुटाने के लिए बाडी पोखर से साहडोली तक जन संपर्क का कार्यक्रम है।

00000

अमरीका में राष्ट्रपति चुनाव की मतगणना जारी है। इसके चलते बम्बई शेयर बाजार में बढोतरी का रूख देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स 610 अंक बढ़कर 80 हजार 87 पर पहुंच गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 180 अंक बढ़कर 24 हजार 393 पर था। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार कुछ मिनट के लिए लाल निशान में भी गिरा, लेकिन इसके बाद अमेरिकी चुनाव के ट्रेंड से उत्साहित विदेशी निवेशकों ने खरीदारी शुरू कर दी, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। हालांकि बीच–बीच में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली भी होती रही। इसके बावजूद शेयर बाजार की चाल में लगातार तेजी बनी रही।

00000

जयपुर में दिसम्बर में होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इस्वेस्टमेंट समिट से पहले आज शिक्षा विभाग, कौशल और उद्यमिता विभाग और खेल तथा युवा मामलात विभाग की ओर से एजुकेशन प्री–समिट आयोजित की जा रही है। जयपुर में आयोजित हो रही इस समिट में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शिरकत कर रहे है। समिट में मुख्य रूप से शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और निवेश और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर चर्चा की जा रही है।

0000

देश में जल प्रबंधन और संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आज से 15 दिन का जल उत्सव आयोजित किया जा रहा है। नीति आयोग की इस पहल का आयोजन राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल और स्वच्छता विभाग तथा जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। इस उत्सव में देश के 20 आकांक्षी जिलों और खंडों को शामिल किया गया है। इस अभियान में जल संसाधनों के संरक्षण और सुरक्षा में सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया जाएगा। चयनित आशान्वित ब्लॉक की सूची में हनुमानगढ़ का संगरिया भी शामिल है। वहां बोलांवाली गांव में जल उत्सव मनाया जा रहा है।

00000

विख्यात लोकसंगीत गायिका शारदा सिन्हा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर संदेश में कहा कि मैथिली और भोजपुरी लोकगीतों को अपनी मर्मस्पर्शी आवाज देकर शारदा सिन्हा ने संगीत जगत में एक अलग मुक़ाम हासिल किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका निधन संगीत जगत के लिये अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि छठी मैया और भक्ति गीतों के माध्यम से भोजपुरी संगीत, संस्कृति और लोक परम्परा को विश्वभर में पहचान दिलाने में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है। श्री शर्मा ने ईश्वर से उनके परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। शारदा सिन्हा का कल रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं और पिछले कुछ समय से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती थीं। बिहार

कोकिला नाम से लोकप्रिय शारदा सिन्हा को पद्मश्री, पद्म भूषण और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित अनेक सम्मानों से अलंकृत किया गया था।

00000

रणथंभौर टाइगर रिजर्व में हाल ही में बाघ टी 86 की मौत के बाद वन विभाग की ओर से कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। रणथंभोर के मुख्य वन संरक्षक अनूप के आर ने बताया कि बाघ की हत्या के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पिछले करीब 4 साल से लापता बाघ और बाघिन को लेकर कमेटी का गठन किया गया है ।

**00000**